ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 219

रामलीला में वानर बने दो कैदी हरिद्वार जेल से फरार:सीता माता की खोज के बहाने निकले, 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर भागे



राजकुमार



पंकज

24 न्यूज अपडेट

हरिद्वार. हरिद्वार में रामलीला मंचन के दौरान जेल से दो कैदी फरार हो गए। शुक्रवार रात दोनों वानर का रोल निभा रहे थे। माता सीता की खोज का प्रसंग चल रहा था। वानर सेना माता सीता की खोज के लिए निकली थी। मौका मिलते ही दोनों निर्माणाधीन हाई-सिक्योरिटी बैरक के पास पहुंचे। वहां रखी सीढ़ी के सहारे 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर भाग गए। जेल के अफसरों को घटना का पता उस वक्त चला, जब कैदियों को गिनती हुई। इसके बाद रातभर खोजबीन हुई, लेकिन दोनों कैदियों का पता नहीं चला। घटना रोशनाबाद जेल की है। जेल 8 से 10 एकड़ में फैली है। यहां करीब 1400 कैदी बंद हैं। कैदियों की पहचान उत्तराखंड के रुड़की निवासी पंकज और यूपी के गोंडा के रहने वाले राजकुमार के रूप में हुई है। पंकज हत्या के केस में उम्रकैद की सजा काट रहा था। बाल्मीकी ग्रुप से भी जुड़ा हुआ है। वहीं, राजकुमार अपहरण के मामले में विचाराधीन है।

CCTV खंगाले, लेकिन कैदियों का पता नहीं चला

जेल प्रशासन के एक सीनियर अफसर ने बताया- रामलीला खत्म होने के बाद कैदियों की गिनती कर बैरक के अंदर किया जा रहा था। इस दौरान दो कैदी कम पाए गए। इसके बाद जेल के अंदर उनकी तलाश की गई।

देर रात तक जेल प्रशासन अपने स्तर पर कैदियों को तलाश करता रहा। जेल में लगे CCTV के फुटेज खंगाल गए। मगर कैदियों का पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

रामलीला देखने में व्यस्त थे कर्मचारी

एक कैदी ने बताया- जब दोनों कैदी भागे, उस वक्त जेल प्रशासन के कर्मचारी रामलीला देखने में व्यस्त थे। दोनों कैदी सीढ़ी लगाकर जेल से फरार हुए। रातभर हरिद्वार पुलिस और जेल प्रशासन कैदियों की तलाश में जुटा रहा। कैदियों की एक्टिविटी कई दिनों से संदिग्ध लग रही थी। वह कई दिनों से फरार होने की फिराक में थे।



परिस्थितियां चुनौतियां देती हैं, हमें भविष्य के लिए तैयार होना है: मोहन भागवत



24 न्यूज अपडेट

नागपुर: नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा आयोजित विजयादशमी उत्सव में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शस्त्र पूजन के बाद अपने संबोधन में विज्ञान, हिंदुओं पर होते हमलों, सनातन मूल्यों, हमास इजरायल समेत तमाम मुद्दों पर राय रखी. उन्होंने भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का मंत्र भी दिया। मोहन भागवत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अहिल्याबाई होल्कर और दयानन्द सरस्वती द्वारा देश सेवा के लिए किए गए कार्यों का जिक्र किया. कहा कि आज के दिन अपने कार्य के सौ वर्ष में संघ पदार्पण कर रहा है। ये विशेष इसलिए भी है क्योंकि महारानी दुर्गावती, महारानी होल्कर और महर्षि दयानंद का भी 200वां जन्म जयंती वर्ष चल रहा है. इनकी याद करना इसलिए जरूरी है कि इन लोगों ने देश, समाज और संस्कृति के हित में काम किया। दयानन्द सरस्वती को याद करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि लंबी गुलामी के बाद जो भारत का पुनरुत्थान शुरू हुआ, उसके पीछे दयानंद सरस्वती थे. अपने मूल को समझकर काल सुसंद आचरण करें. उन्होंने जनों की जागरूक करने का महा प्रयास किया है. उनकी वजह से ही आगे चलकर कई तरह के आंदोलन भी हुए. आज उनको याद करने का भी समय है. उन्होंने आगे कहा कि परिस्थितियां हमें चुनौतियां देती हैं, फिर चाहे वो दुनिया की हों या देश की. हमें भविष्य के लिए तैयार होना है, भविष्य इस तकनीक के कारण कई नई सुविधाएं लेकर आएगा, विज्ञान कई सुविधाएं लेकर भी आया है. इस सुखी मानव समाज में अपने स्वार्थ और अहंकार के कारण कैसे-कैसे संघर्ष चलते हैं। यह हम देखते रहते हैं।

दुनिया में चल रहे संघर्ष को लेकर उन्होंने कहा कि इजरायल के साथ हमास के साथ युद्ध में कौन-कौन झुलसेगा और इससे कौन से संकट पैदा होंगे, इसकी चिंता सबको है. अपना देश आगे बढ़ रहा है. हम तकनीक के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं. ऐसे सब क्षेत्रों में भारत आगे बढ़ रहा है. समाज की समझदारी भी बढ़ रही है.

जम्मू-कश्मीर में हुए चुनावों को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के चुनाव भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए. इसका ही परिणाम हम देखते हैं कि सारी दुनिया में भारत की साख बढ़ी है. हमारा योग सारी दुनिया में एक फैशन बनता जा राह है. उसके शास्त्र और परिणाम को भी दुनिया स्वीकार कर रही है।

बांग्लादेश में हिंदुओं संग हुई ज्यादती पर संघ प्रमुख बोले कि भारत लगातार आगे बढ़ रहा है, लेकिन जब कोई भी देश जो आगे बढ़ रहा है, उसकी राह में अड़ंगा लगाने वाले लोग भी बहुत सारे होते हैं. इसलिए दूसरे देशों की सरकारों को कमजोर करना दुनिया में चलते रहता है. अब हमारे पड़ोस में बांग्लादेश में क्या हुआ हमने देखा। उस उत्पात के कारण हिंदू समाज पर फिर से हमला हुआ. वहां कट्टरपन की मानसिकता जब तक है, तब तक वहां हिंदुओं ही नहीं बल्कि अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले का खतरा बरकरार रहेगा. उन्होंने आगे कहा कि दुर्बल रहना अपराध है, हिंदू समाज को ये समझना चाहिए. व्यवस्थित और संगठित होकर ही आप किसी चीज का मुकाबला कर सकते हैं. अगर असंगठित रहते हैं, तो आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है. बच्चों के द्वारा मोबाइल पर देखे जा रहे गलत कंटेंट का जिक्र करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि आज बच्चों के हाथों में भी मोबाइल दिख रहे हैं. लेकिन इसमें वो क्या देख रहे हैं, इस पर किसी का नियंत्रण नहीं है. इस पर नियंत्रण करना घर परिवार और विधि व्यवस्था पर भी जरूरी है. इस स्थिति के कुपरिणाम भी हैं. कई जगह युवा पीढ़ी नशे के जाल में फंस रही है।

यहां भगवान राम से पहले की जाती है रावण की पूजा, नहीं जलाते रावण का पुतला, वध के बाद होता है तेरहवीं संस्कार



24 न्यूज अपडेट

फतेहपुरः उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में छोटी काशी के नाम से मशहूर खजुहा कस्बे की 550 वर्षों से दशहरे पर होने वाली रामलीला में कुछ तो अद्भुत हैं. यहां की रामलीला देखने वाले भी एक बारगी आश्चर्य में पड़ जाते हैं। यहां पर न तो रावण का पुतला जलाया जाता है और न ही पहले श्रीराम को पूजा जाता है. इतना ही नहीं लक्ष्मण की मूर्छा भी काल्पनिक नहीं बल्कि हकीकत होती है. लोगों की मानें तो मेघनाद के मंत्रों से दी गई मूर्छा को कोई डॉक्टर भी नहीं तोड़ सकता है। बता दें कि गंगा यमुना के दोआब में बसे खजुहा कस्बे में होने वाली 550 वर्षीय रामलीला अपनी भव्यता के आकर्षण के लिए प्रसिद्ध है. मुगल रोड के किनारे बसा ऐतिहासिक खजुहा कस्बा पहले व्यापारियों और धनाढ्य लोगों के लिए जाना जाता था, जिसकी छाप यहां की रामलीला में अब भी देखी जा सकती है. इस रामलीला में भगवान राम से पहले रावण की पूजा होती है, जो इसे अन्य रामलीला से अलग करती है. इस रामलीला में राम-रावण युद्ध के दौरान विशालकाय पुतले को लकड़ी के पहिए पर व्यवस्थित करके बनाया जाता है. इसका मंचन एक बड़े से तालाब के किनारे एक आभासी लंका मैदान बनाकर किया जाता है. इसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। रामलीला के लिए यहां एक माह पहले से ही कुशल कारीगरों के माध्यम से विशालकाय रावण और राम के स्वरूपों का निर्माण किया जाता है. दशहरे के दिन राम जानकी मंदिर में गणेश पूजा से रामलीला शुरु होती है। इस मंदिर में रावण का विशालकाय तांबे का शीश रखा है, जिसकी लोग पूजा करते हैं. वहीं रामलीला में रावण की पूजन के पश्चात भगवान राम की पूजा होती है. आठवें दिन आभासी लंका मैदान में बड़े से तालाब के किनारे रावण का वध होता है. वध के बाद रावण की विधिवत 13वीं की जाती है और लोगों को ब्रम्हभोज कराया जाता है. इन रस्मों को देखने के लिए यहां दूर-दराज से लोग आते हैं. मेले में छोटी बड़ी लगभग दो दर्जन से अधिक झांकिया सजाई जाती हैं. राम-रावण युद्ध के दिन लाखों की तादात में लोग जुटते हैं।

रुपया रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आया:डॉलर के मुकाबले 11 पैसे गिरकर 84.09 पर बंद हुआ, विदेशी वस्तुएं महंगी होंगी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. रुपया अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर पहुंच गया है। इसमें अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे की गिरावट देखने को मिली और यह 84.09 रुपए प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले 8 अगस्त 2024 को डॉलर के मुकाबले रुपया 83.99 के अपने सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ था।

न्यूज एजेंसी रॉयर्स के मुताबिक, रुपए में इस गिरावट की वजह हाल ही में ग्लोबल मार्केट में क्रूड ऑइल की कीमतों में बढ़ोतरी और भारतीय शेयर मार्केट में विदेशी निवेशकों के जरिए की जा रही बिकवाली शामिल है। इसके अलावा, इजराइल की ईरान और लेबनान के साथ जंग की खबरों के कारण भी रुपए पर नेगेटिव असर पड़ा है। इंट्रा डे में भी रुपया सबसे निचले स्तर पर पहुंचा इंट्रा-डे में रुपया 84.11 के निचले स्तर पर पहुंच गया, जो डॉलर के मुकाबले सबसे निचला स्तर है। न्यूज एजेंसी रॉयटर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 83.98 रुपए के स्तर पर खुला और एक समय 84.11 के निचले स्तर पर पहुंच गया था। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि रुपया आने वाले दिनों में 84.25 के सबसे निचले स्तर पर पहुंच सकता है।

संपादकीय : एकता की आवाज

दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान के लाओस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने एक बार फिर एकजुटता की जरूरत रेखांकित की। यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया के कई देश परस्पर संघर्ष में उलझे हुए हैं और इसके चलते अनेक आर्थिक समस्याएं चुनौती बन कर खड़ी हो गई हैं। विकसित कहे जाने वाले देश भी मंदी और सुस्त अर्थव्यवस्था से पार पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसी स्थिति में दक्षिण एशियाई देशों से परस्पर सहयोग और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। दक्षिण एशिया के सभी देश चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते किसी न किसी रूप में असहज महसूस करते हैं। इसलिए सभी ने शिखर सम्मेलन के मंच से चीन की खुल कर आलोचना की। प्रधानमंत्री ने चीन का नाम लिए बगैर कहा कि हमारी नीति विकासवादी होनी चाहिए, न कि विस्तारवादी दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सक्रियता के मद्देनजर उन्होंने समुद्री गतिविधियों के संबंधित कानूनी ढांचे 'अनक्लोस' के तहत ही संचालित किए जाने पर बल दिया। निगरानी की आजादी और वायु क्षेत्र सुनिश्चित करने की जरूरत भी रेखांकित की। इस पर एक ठोस और प्रभावी आचार संहिता बनाने तथा क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर अंकुश लगाने की कोशिशों पर विराम लगाने के उपाय तलाशने की जरूरत भी बताई। दरअसल, चीन की विस्तारवादी नीतियों के कारण न केवल दक्षिण एशिया, बल्कि दूसरे कई देशों में भी कई तरह की परेशानियां पैदा हो गई हैं। चीन ऐसा जानबूझ कर करता है, ताकि तेजी से विकास कर रहे और विकसित देश संघर्षों में उलझे रहें और वह उनके बाजार में अपना वर्चस्व कायम रखे। मगर चूंकि भारत अब विकसित देश बनने के पायदान चढ़ रहा है और उसके प्रयासों से वैश्विक दक्षिण देश अपना एक नया बाजार बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं, चीन की चिंता स्वाभाविक रूप से बढ़ गई है। दक्षिण चीन सागर में उसने इसीलिए अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। कुछ समय पहले हुए क्वाड सम्मेलन में भी भारत,अमेरिका, जापान और आस्टेलिया ने दक्षिण चीन सागर में चीन की गतिविधियों पर नकेल कसने की जरूरत रेखांकित की थी। दरअसल, अब विकसित देशों को भी महसूस होने लगा है कि दक्षिण एशियाई देशों के सहयोग के बिना चीन को टक्कर देना संभव नहीं है। इन देशों को एकजुट रखने में भारत की अहम भूमिका है। हालांकि आसियान का गठन आर्थिक मामलों में पश्चिम के विकसित देशों, चीन और रूस के वर्चस्व को तोड़ कर अपना एक बाजार विकसित करने और इस क्षेत्र में शांति और सहयोग बनाए रखने के मकसद से हुआ था। इसका असर भी दिखने लगा है। फिलहाल जिस तरह रूस और यूक्रेन लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं और उसके चलते पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है। फिर इजराइल और हमास के संघर्ष का दायरा बढ़ा है और उसमें विश्व की दूसरी ताकतों के भी कूद पड़ने की आशंका जाहिर की जा रही है, आसियान देशों की भूमिका आने वाले समय में और महत्त्वपूर्ण होने वाली है। निस्संदेह अगर आसियान देश इस स्थिति में एकजुटता और परस्पर सहयोग बनाए रखते हैं, तो इस क्षेत्र को वैश्विक संघर्षों की आंच कम से कम प्रभावित कर पाएगी। प्रधानमंत्री के इस बयान से शायद ही कोई देश असहमत होगा कि यह समय युद्ध और संघर्ष का नहीं, बल्कि परस्पर सहयोग और सामंजस्य का है।

किसकी जिम्मेदारी

सड़क के किनारे या किसी पार्क में गड्ढे, खले नाले या मैनहोल में गिर जाने से बच्चों की मौत की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। खासकर बरसात में जलजमाव की वजह से सड़क किनारे किसी गड्ढे या नाले का कई बार पता नहीं चलता और राह चलते लोग उसमें गिर जाते हैं। गौरतलब है कि पांच दिन पहले उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक खुले नाले में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वहां निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार ने कई जगह न केवल नाले को खुला छोड़ दिया था, बल्कि वहां आसपास न तो कोई घेरा लगाया गया था और न कोई चेतावनी के संकेत लगाए गए थे। जाहिर है, यह ठेकेदार से लेकर संबंधित सरकारी महकमे और उसके अधिकारियों की स्पष्ट लापरवाही है। अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने ऐसे कुछ मामलों को आधार बना कर दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण और नगर निगम आयुक्त को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में विस्तृत रपट मांगी है। आयोग ने कहा है कि ऐसी घटनाएं नगर निकाय के अधिकारियों की स्पष्ट लापरवाही है और यह पीड़ितों के मानवाधिकारों का उल्लंघन है। यह समझना मुश्किल है कि नाले का निर्माण कराने वाले ठेकेदार और अन्य लोगों को इतनी साधारण बात समझ में क्यों नहीं आती कि खुला नाला कभी भी किसी की मौत की वजह बन सकता है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में खुले नाले या मैनहोल में गिर कर लोगों की मौत हो जाने की पांच घटनाएं हो चुकी हैं। विडंबना यह है कि सरकार या संबंधित महकमों को लंबे समय से कायम इस गंभीर समस्या पर गौर करने की जरूरत नहीं महसूस होती जब भी खुले नाले, गड्ढे या मैनहोल में गिर जाने से किसी की जान चली जाती है, तब सरकार की ओर से औपचारिकता के लिए कुछ कदम उठाने की घोषणा की जाती है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वैसी ही कोई घटना हो जाती है। किसी भी जगह नाले के निर्माण या मैनहोल की साफ-सफाई के दौरान उसे खतरनाक तरीके से खुला छोड़ देने की वजह से किसी की मौत की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

उदयपुर में रावण दहन से पहले शोभायात्रा निकली:झांकियों ने मनमोहा, लंका दहन के बाद 70 फीट के रावण का होगा दहन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर में रावण दहन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रावण सहित अन्य पुतले उदयपुर के गांधी ग्राउंड में खड़े है, इनको शुक्रवार की रात को क्रेन के जरिए खड़ा किया गया है। इससे पहले शहर में निकली शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के जयकारों से आमसां गूंजा दिया। बिलोचिस्तान पंचायत और सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली जा रही है जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजर रही है। शक्तिनगर स्थित सनातम मंदिर से दोपहर बाद भगवान श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण सहित भगवान शिव का पूजन करने के बाद शोभायात्रा रवाना हुई जो शास्त्री सर्किल, देहली गेट होकर जा रही है। मार्ग में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में झांकियों ने लोगों को आकर्षित किया और राम—लक्ष्मण की झांकी भी थी। गांधी ग्राउंड में शाम सात बजे से सबसे पहले आतिशबाजी होगी और इसके बाद सबसे पहले लंका दहन की गई। इसके साथ ही रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के विशाल पुतलों का आतिशी दहन किया जाएगा। उदयपुर में रावण का पुतला 70 फीट, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले लगभग 65-65 फीट ऊंचे है जबकि 100 फीट लंबी लंका का निर्माण किया गया है।

राजस्थान में 15 विभागों में होंगी 60,000 पदों पर भर्तियां:पहली बार भर्ती कैलेंडर में एग्जाम के साथ रिजल्ट की तारीख भी लिखी जाएगी

24 न्यूज अपडेट

जयपुर. राजस्थान के बेरोजगारों के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से अगले साल जनवरी-2025 से लेकर मार्च-2026 तक 60 हजार लोगों की भर्तियां की जाएंगी। ये भर्तियां अलग-अलग 15 से ज्यादा विभागों में 50 से ज्यादा पदों के लिए होंगी। इसके लिए कैलेंडर तैयार कर लिया गया है। इसे 15 अक्टूबर तक जारी कर दिया जाएगा। राजस्थान में पहली बार भर्ती परीक्षा की तारीख के साथ ही रिजल्ट कब जारी होगा, इसकी जानकारी भी कैलेंडर में दी जाएगी।

सीएम के आदेश के बाद वार्षिक कैलेंडर तैयार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले दिनों राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं के आयोजन को समय सीमा में पूरा करने का आदेश दिया था। उन्होंने कहा था- रिजल्ट भी जल्द से जल्द जारी किया जाए, जिससे युवाओं को रोजगार के लिए ज्यादा इंतजार न करना पड़े। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से



समयबद्ध तरीके पर भर्ती परीक्षा के साथ रिजल्ट जारी करने का प्रारूप (कैलेंडर) तैयार कर लिया गया है। भर्ती परीक्षा के आयोजन के साथ ही संबंधित भर्ती परीक्षा का प्रैक्टिकल, टाइपिंग टेस्ट कब होगा। इसके बाद रिजल्ट कब जारी होगा। इसकी जानकारी भी भर्ती कैलेंडर में दी जाएगी।

रूस में मध्य प्रदेश की MBBS स्टूडेंट की दर्दनाक मौत



24 न्यूज अपडेट

सतना : मध्य प्रदेश के मैहर की रहने वाली MBBS छात्रा सृष्टि शर्मा का रूस में सड़क हादसे में निधन हो गया है. अपनी प्यारी बेटी को खोने की भयानक खबर मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मौत के बाद परिजनों ने सृष्टि के अंतिम दर्शन के लिए शव भारत लाने के लिए सरकार से मदद मांगी है. इसे लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर गृह विभाग ने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर प्रयास शुरू किया है।

कार का टायर निकलने से हादसा परिजनों व रूसी मीडिया के मुताबिक घटना शुक्रवार दोपहर की है. MBBS छात्रा सृष्टि शर्मा कार से अपने 6 और दोस्तों के साथ टूर पर जा रही थीं. रास्ते में कार का टायर अचानक निकलने से कार का गेट खुल गया और छात्रा सड़क पर गिरी और दूर तक घिसटते चली गई. सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी वहीं मौत हो गई. बताया जा रहा है कि छात्रा ने सीट बेल्ट नहीं लगाया था. इस घटना में कार में सवार ड्राइवर व अन्य छात्रों को चोट नहीं आई है।

सृष्टि के पिता भी हैं डॉक्टर

22 साल की की एमबीबीएस स्टूडेंट सृष्टि शर्मा के पिता डॉक्टर रामकुमार शर्मा मैहर के पुराने इलाके में रहते हैं. उनके मुताबिक सृष्टि रूस के उफा में स्थित बश्किर यूनिवर्सिटी से MBBS की पढ़ाई कर रही थी. वह थर्ड ईयर की छात्रा थी. सबसे पहले सृष्टि की जूनियर जोया ने फोन पर अपने पिता कलीम को घटना की सूचना दी थी, जिससे घटना की जानकारी मिली. बेटी की मौत की खबर सुनकर माता-पिता का बुरा हाल है।

राजस्थान हाईकोर्ट के जज की हार्ट अटैक से मौत

उदयपुर में भी रहे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस राजेंद्र प्रकाश सोनी (56) का कल देर रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। कल रात को ही सीने में दर्द व घबराहट के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। वहां पर इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। जस्टिस राजेंद्र प्रकाश सोनी 16 जनवरी 2023 को राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायधीश बने थे। उनके निधन की खबर आते ही कई जज व एडवोकेट हॉस्पिटल पहुंचे। आज दोपहर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बताया गया कि जज सोनी पाली के जैतारण के रहने वाले थे। राजस्थान न्यायिक सेवा में चयनित होकर करियर की शुरुआत की। पिता रामचंद्र सोनी व्यवसायी और माता परमेश्वरी देवी गृहणी हैं। सोनी ने वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया। वे अजमेर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भी रहे। वर्ष 2010 में नियमित जिला न्यायाधीश बनने के बाद, भरतपुर, जयपुर शहर, जोधपुर, नाथद्वारा और उदयपुर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। वे जिला एवं सत्र न्यायाधीश के तौर पर उदयपुर और राजसमंद में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी भी रहे। जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ में रजिस्ट्रार (प्रशासन) के रूप में भी पोस्टेड रहे। प्रमोशन से पहले डूंगरपुर, सिरोही, जालोर, उदयपुर और कोटा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रहे। सोनी ने 16 जनवरी, 2023 को राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

जन्मोत्सव पर राडाजी को 21 क्विंटल खीर का लगाया भोग



24 न्यूज अपडेट

लेकसिटी उदयपुर में आज दशहरे के मौके पर माली कॉलोनी स्तिथ राड़ा जी बावजी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राड़ा जी बावजी को विशेष श्रंगार धराया गया। बावजी के दर्शनों के लिए दिन भर भक्तो की खासी भीड़ लगी रही । जन्मोत्सव के अवसर पर 21 क्विंटल दूध की खीर का प्रसाद बनाया गया। बावजी को भोग लगाने के साथ महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें भक्तो ने दर्शन किये। इस अवसर पर मंदिर के सेवक कैलाश माली ने बताया कि यह वर्षो पुराना प्राचीन मंदिर है यहां आने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है और यह जन्मोत्सव साल में दो बार नवरात्रि के अंतिम दिन दशहरे पर आयोजित किया जाता है।

किरण माहेश्वरी स्मृति मंच : 200 क्विटंल दूध की खीर, 200 किलो हलवे के प्रसाद का वितरण



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर। किरण माहेश्वरी स्मृति मंच की ओर से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवरात्रि पर अम्बामाता मंदिर में भक्तों द्वारा मंच के माध्यम से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भी भक्तों के साथ मिलकर प्रसाद वितरण कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम की शुरूआत माताजी की महाआरती से हुई। उसके बाद दो से तीन हजार लोगों ने 200 क्विटंल दूध की खीर, 200 किलो हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। पुजारी रायसिंह तंवर द्वारा महाआरती का आयोजन किया।

अधिकारी को CM की फटकार- आपको दर्द नहीं होता?



24 न्यूज अपडेट

भरतपुर. भरतपुर के दो दिन के दौरे पर आए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जनसुनवाई के दौरान अफसरों को जमकर फटकारा। दरअसल, उनके पास एक बुजुर्ग बिजली की समस्या लेकर आया। सीएम ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) रामहेत मीणा को बुलाया और जमकर लताड़ा। सीएम ने कहा- इन्हीं की बदौलत आपको रोटी मिल रही है। इनकी छोटी-मोटी समस्या का आप समाधान क्यों नहीं कर रहे हैं?

मुख्यमंत्री ने कहा- यह व्यक्ति 100 रुपए खर्च करके यहां आया है। किराया देकर आया है। लाइन में धक्के खा रहा है। इसे बिजली से संबंधित जो भी समस्या है, उसके जिम्मेदार आप हैं। आप छोटी-मोटी समस्या का समाधान नहीं कर सकते? क्या आपको दर्द नहीं होता कि बुजुर्ग आदमी है। जनता के लिए थोड़ी संवेदना रखिए। आपको किसके लिए लगाया है, यह ध्यान रखा करो। इन्हीं की वजह से आपको रोटी मिल रही है।

एसई रामहेत मीणा ने बताया- पास के गांव में बिजली लाइन खींची जा रही है। यह 6 किमी की लाइन है। साढ़े 5 किमी की लाइन का काम पूरा हो चुका है। जहां लाइन जोड़ी जाएगी वहां शिकायतकर्ता प्रहलाद मीणा का खेत आ रहा है। प्रहलाद उस काम को रुकवाने के लिए सीएम से मिला था। उसने सीएम को बताया कि बिजली विभाग मेरे खेत से बिजली की लाइन निकाल रहा है। इस पर सीएम ने प्रहलाद की शिकायत लेकर एसई रामहेत को फटकार लगाई थी।

पंजाब के महामहिम राज्यपाल मनायेंगे झीलों की नगरी में अपना 81 वा जन्मोत्सव



24 न्यूज अपडेट

पंजाब के महामहिम राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया लेक सिटी में अपना 81वा जन्मदिवस मनाएंगे। श्री कटारिया के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मंडलों एवं शहर के अन्य क्षेत्रों में विभिन्न आयोजनों के जिसमें सेवा कार्य प्रार्थना पूजा रक्तदान आदि कार्यक्रमों के माध्यम से सादगी पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती डॉ किरण जैन एवम सह संयोजक दीपक बोल्या ने बताया कि शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली के निर्देशानुसार पंजाब के महामहिम राज्यपाल श्री गुलाबचंद जी कटारिया के 81 वे जन्म दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें सर्वप्रथम प्राप्त 8:15 बजे मांछला मंगरा स्थित त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे इसका आयोजन दीपक बोलिया के निर्देशन में होगा। तत्पश्चात 10:00 बजे शक्ति नगर स्थित सनातन मंदिर परिसर में पहुंचेंगे जहां पर भाजपा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष विजय आहुजा के सानिध्य में विशाल रक्तदान शिविर के आयोजन में भाग लेंगे। रक्तदान शिविर के पश्चात 11:45 पर दुर्गा नर्सरी स्थित शिव पार्क मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर के सानिध्य में उपस्थित कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार करेंगे तत्पश्चात 12: 30 बजे बोहरा गणेश मंदिर पधारेंगे जहां पर राणा प्रताप मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मारू के सानिध्य में राणा प्रताप मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा बोहरा गणेश जी की भव्य महाआरती प्रसाद वितरण एवं सम्मान समारोह किया जाएगा।

एसआई भर्ती पेपरलीक : तीन दीवार फांदकर, तीन छुट्टी लेकर आरपीए ट्रेनिंग सेंटर से भागे, बीकानेर की गैंग ने किया था इनके नामों का खुलासा, बड़ा सवाल-पुलिस अकादमी से भाग गए या भगाए गए???



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। अब तक 50 ट्रेनी पकड़े जा चुके हैं और आरपीए में ट्रेनिंग पर चल रहे अन्य लगभग सभी रडार पर है। रोज गिरफ्तारियां हो रही हैं व नए खुलासे हो रहे हैं। एसआई भर्ती परीक्षा अब राजस्थान का सबसे बड़ा भर्ती स्कैंडल बनता जा रहा है। जितनी जांच उतने नए खुलासे, उतने नए नाम। कोई ओर नहीं, कोई छोर नहीं। ताजा खबर ये है कि तीन एसआई शुक्रवार को राजस्थान पुलिस अकादमी ट्रेनिंग सेंटर की दीवार फांदकर भाग गए। इसके साथ ही 3 अन्य ट्रेनी एसआई छुट्टी लेकर फरार हो गए। इनके नामों का खुलासा पेपर लीक करने वाली बीकानेर की पोरव कालेर गैंग ने किया था। फरार सभी छह ट्रेनी एसआई की तलाश में एसओजी टीम दबिश दे रही है। एसओजी बता रही है कि दीवार कूदकर भागने वाले ट्रेनी एसआई में 7वीं रैंक के अभय सिंह, 87वीं रैंक के भागीरथ और 144वीं रैंक के शंकर लाल हैं। छुट्टी लेकर फरार हुए ट्रेनी एसआई मोनिका जाट की 34वीं रैंक, गोविंदराम बिश्नोई की 39वीं रैंक और प्रियंका गोस्वामी की 102 वीं रैंक है। एसओजी ने जून में पोरव कालेर, प्रवीण कुमार बिश्नोई, दिनेश चौहान और नरेशदान को गिरफ्तार किया था। पेपर लीक करने वाले बीकानेर की पोरव कालेर गैंग ने पूछताछ में इन ट्रेनी एसआई के नामों का खुलासा किया था। बड़ा सवाल ये उठ रहा है कि पुलिस ट्रेनिंग सेंटर से भाग गए हैं या भगाए गए हैं। यदि वहां सिक्योरिटी के इंतजाम नहीं है तो फिर कहां पर होंगे?? एसओजी एसआई भर्ती परीक्षा 2021 के मामले में अब तक 50 ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। कई ट्रेनी एसआई एसओजी के रडार पर चल हैं। अभी कुछ दिन पहले ही डमी अभ्यर्थी बनकर कईयों की परीक्षा देने वाली वर्षा बिश्नोई को कोटा में एक पीजी से गिरफ्तार किया था जहां वो नाम बदल कर स्टूडेंट बनकर फरारी काट रही थी। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य रामू राम राईका, उसके बेटे देवेश राईका और बेटी शोभा राईका की गिरफ्तारी हो चुकी है जो मास्टरमाइंड था। तत्कालीन आरपीएससी मेंबर बाबूलाल कटारा पहल से जेले में है। ऐसे में अब तक इस पूरी की पूरी परीक्षा का ही रद्द नहीं करना भी कई सवाल खड़े कर रहा है।

पटवारियों द्वारा पैसे लेकर लेकर काम करने की शिकायत के संबंध में प्रकाशित समाचार पर जिला कलक्टर ने लिया संज्ञान



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। पटवारियों द्वारा पैसे लेकर काम करने की शिकायत से संबंध में प्रकाशित समाचार (शीर्षक-'भ्रष्टाचार की मुहर-भ्रष्टाचार शिष्टाचार बना') पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संज्ञान लिया है। पूरे मामले की जांच के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) के अधीन एक समिति का गठन किया गया है जो कि प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट जिला कलक्टर, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

वहीं, प्रकरण में जिला- जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू के संबंधित पटवारियों की भूमिका को लेकर तहसीलदार से तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट और संबंधित पत्रावली तलब की गई है। साथ ही संबंधित पटवारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जांच में संबंधित पटवारियों पर आरोप सिद्ध होने की स्थिति में आरोपी पटवारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाने के लिए निर्देशित किया है। जिला प्रशासन के स्तर से जनहितार्थ कार्यों में किसी भी प्रकार की अवांछित और विधि विरुद्ध कार्यवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पटवारियों द्वारा पैसे लेकर काम करने की शिकायत से संबंध में प्रकाशित समाचार (शीर्षक-'भ्रष्टाचार की मुहर-भ्रष्टाचार शिष्टाचार बना') पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संज्ञान लिया है। पूरे मामले की जांच के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) के अधीन एक समिति का गठन किया गया है जो कि प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट जिला कलक्टर, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत करेगी। वहीं, प्रकरण में जिला- जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू के संबंधित पटवारियों की भूमिका को लेकर तहसीलदार से तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट और संबंधित पत्रावली तलब की गई है। साथ ही संबंधित पटवारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जांच में संबंधित पटवारियों पर आरोप सिद्ध होने की स्थिति में आरोपी पटवारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाने के लिए निर्देशित किया है। जिला प्रशासन के स्तर से जनहितार्थ कार्यों में किसी भी प्रकार की अवांछित और विधि विरुद्ध कार्यवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जयपुर में आग लगी कार सड़क पर चलती रही:AC से धुआं निकलता देख चालक बाहर निकला, हैंड ब्रेक खराब होने पर चलने लगी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. जयपुर में आज एक आग लगी कार सड़क पर चलती रही। कार ने आगे खड़ी एक बाइक को टक्कर मार दी। फिर आगे बढ़ने लगी। आखिर डिवाइडर से टकराकर रुकी। कार में आग लगने की जानकारी मिलने पर दमकल मौके पर पहुंची। आग को कंट्रोल किया। घटना एलिवेटेड रोड से अजमेर रोड पर उतरते वक्त सोडाला इलाके में हुई। इस दौरान किसी को चोट नहीं आई।

कार जितेंद्र जांगिड़ चला रहे थे। जो मानसरोवर की पत्रकार कॉलोनी स्थित दिव्य दर्शन अपार्टमेंट में रहते हैं। जितेंद्र ने बताया- आज करीब 1.45 बजे एलिवेटेड रोड से उतरने के दौरान एसी से धुआं आने लगा था। भाई को फोन किया तो उसने कार का बोनट खोलकर देखने के लिए कहा। कार से नीचे उतरकर बोनट खोलकर देखा तो आग लग रही थी। इस दौरान लोग एकत्रित हो गए। आग के कारण खराब हुआ हैंड ब्रेक

लोगों ने कार की आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन इतनी देर में आग बढ़ गई। कार हैंड ब्रेक पर थी। आग लगने से कार का हैंड ब्रेक खराब गया। कार एलिवेटेड रोड की ढलान पर चलने लगी। इसी दौरान कार के आगे एक बाइक खड़ी थी। उसे टक्कर मार कार आगे बढ़ गई। ट्रैफिक पुलिस के सिपाही दीपक ने बताया- एलिवेटेड रोड पर जाम लगने से पता चला कि कार में आग लगी हुई है। हम लोग मौके पर पहुंचे। उसी दौरान कार नीचे उतरने लगी। कार का लोगों ने पीछा भी किया, लेकिन उसे कैसे रोकते। बर्निंग कार नीचे आई तो ट्रैफिक हटाने का प्रयास किया। इससे किसी को भी कोई चोट नहीं आई।

गुजरात के मेहसाणा में हादसा

9 मजदूरों की मौत:एक को जिंदा निकाला



24 न्यूज अपडेट

मेहसाणा. गुजरात के मेहसाणा जिले में शनिवार को टैंक खोद रहे मजदूरों पर मिट्टी गिर गई। हादसे में 9 मजदूरों की मौत हो गई। 19 साल के लड़के को जिंदा बचा लिया गया। हादसा मेहसाणा से लगभग 37 किमी दूर जासलपुर गांव के पास हुआ। पुलिस ने बताया कि जासलपुर गांव में एक फैक्ट्री के लिए कई मजदूर अंडरग्राउंड टैंक खोद रहे थे, तभी मिट्टी धंस गई। सभी 9 शव बरामद कर लिए गए हैं। स्टील आईनॉक्स स्टेनलेस प्राइवेट लिमिटेड में जब मजदूर टैंक खोद रहे थे, तब अचानक मिट्टी गिरी। हादसे के बाद जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाई गई। मौके पर 5 एम्बुलेंस, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची।

निजी कंपनी के थे मजदूर

मेहसाणा जिले के एसपी डॉ. तरूण दुग्गल ने बताया कि कादी के गांव में नई कंपनी का निर्माण कार्य चल रहा था, तभी हादसा हुआ। मजदूर किसी निजी कंपनी के बताए गए हैं। प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। हादसे की जांच की जा रही है। मेहसाणा की जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) डॉ. हसरत जैस्मिन ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 12.45 बजे हुआ। हमारी जानकारी के अनुसार वहां 9-10 लोग फंसे हुए थे। 19 साल के एक लड़के को जिंदा बचा लिया गया है। उसके बयान के मुताबिक 10 लोग यहां काम कर रहे थे। इनमें दो महिलाएं थीं। प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख की मदद PM नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रभावितों की हरसंभव मदद करेगा।प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद का ऐलान किया गया है। गुजरात के मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया गया है।

कोटा में अनोखा दशहरा : 'रावण के अहंकार' को पैरों से रौंदा



24 न्यूज अपडेट

कोटाः रियासतों के जमाने में गुजरात से आकर कोटा दरबार के पहलवान रहे जेठी समाज के लोग आज भी दशहरे को अलग तरीके से मनाते हैं. कोटा में यह लोग नवरात्र स्थापना के पहले से ही मिट्टी का रावण बनाते हैं और उसपर गेहूं के जवारे उगाते हैं. अखाड़े की मिट्टी से बनने वाले इस रावण को यह लोग दशहरे के दिन पैरों से कुचलकर मारते हैं. यह परंपरा बीते 150 सालों से कोटा में निभाई जा रही है ।

इसमें कई जगह पर कोटा में इस तरह की परंपरा की जाती है, जिसमें रावण के अहंकार को पहलवानों ने पैरों से रौंद कर खत्म किया जाता है. पुरानी परंपरा के अनुसार नांता और किशोरपुरा में कई जगह पर इस तरह से जेठी समाज के लोगों ने रावण बनाया. शनिवार को उसे कुचलकर नष्ट किया है । मंदिर में पूजा के समय से ही ढोल व नगाड़ों की आवाज से साथ रणभेरी बजा युद्ध जैसा माहौल बनाया. यहां तक कि रावण की आवाज और उसके अहंकार की हंसी भी माइक के जरिए निकाली गई. रावण को कुचलते समय भगवान और माता लिम्बजा के जयकारे लग रहे थे. अब इसी मिट्टी में मल्लयुद्ध और अखाड़े का आयोजन होगा. नवरात्र स्थापना के साथ ही अखाड़े की मिट्टी से तैयार होता है रावण : इसके पहले नांता स्थित लिम्बजा की पूजा व आरती की गई. यह सेवा पूजा करने वाले सोहन जेठी का कहना है कि कोटा में जेठी समाज के 120 परिवार हैं. साथ ही तीन मंदिर की सेवा भी ये लोग करते हैं. इन सभी मंदिरों से अखाड़े भी जुड़े हुए हैं. इनमें एक किशोरपुरा और दो नांता में है. मिट्टी के रावण को श्राद्ध पक्ष में ही बनाना शुरू कर देते हैं. पहले नवरात्रा के दिन यह पूरी तरह से तैयार होता है. इस मिट्टी में घी, दूध, शहद, दही और गेहूं डाल दिए जाते हैं।

ऐसे में नवरात्र के नौ दिनों तक इसमें जवारे उगते हैं. इसके बाद इस मंदिर में किसी की एंट्री नहीं होती है, केवल माता की पूजा के लिए पुजारी को ही अंदर भेजा जाता है. केवल गिने-चुने पहलवान और मंदिर समिति से जुड़े लोग ही यहां पर आते हैं, जिन्हें मंदिर में बनी हुई खिड़की से ही अंदर प्रवेश मिलता है. मंदिर के परिसर में गरबे आयोजित होते हैं. राज परिवार ने बनवाए थे अखाड़े : जेठी समाज के लोग करीब 300 साल पहले गुजरात के कच्छ कोटा राजस्थान आए थे. वे मूलतः गुजराती ब्राह्मण है और पहलवानी का ही उनका पेशा रहा है. कोटा के राजपरिवार में गुजरात के कच्छ से राजकुमारी का विवाह हुआ था. उनकी सुरक्षा के लिए गुजरात से कोटा पर आए थे. इसी दौरान यहां पर एक कुश्ती का आयोजन रखा गया, जिसमें विदेश से आए पहलवानों को हमारे पूर्वजों ने हरा दिया था. इसी से खुश होकर राज परिवार ने उन्हें कोटा में ही रुकने का आग्रह किया और पूरी व्यवस्था भी उनके लिए की थी।

इसी दौरान तीन अखाड़े भी कोटा में बनाए गए थे. इन अखाड़ों की डिजाइन और नक्शे एक जैसे ही हैं. मल्लयुद्ध में पारंगत पहलवान देश भर की कुश्ती और मल्लयुद्ध की प्रतियोगिताओं में शामिल होते थे. कोटा के अलावा, मैसूर, उदयपुर, गुजरात के भुज व बड़ौदा और अन्य जगह पर मिट्टी का रावण बनाने की परंपरा है।

डेयरी ने लॉन्च किए फीके मावे के पैकेट:1 और 10 किलो के पैक में मिलेगा, 200 ग्राम पेड़े का पैकेट में मिलेगा



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़. सरस ने शुक्रवार से फीका मावा बिक्री शुरु की। सरस ने मावे का एक किलो और 10 किलो के पैकेट लॉन्च किया है। पहले मावा सिर्फ पांच किलो तक ही मिलता था। इसके अलावा पेड़े के 200 ग्राम का पैकेट भी शुरू किया है। इस दिवाली पर सरस के प्रोडक्ट की सेल बढ़ाने के लिए डेयरी ने यह फैसला किया है। यह मावा काश्तकारों, डेयरी बूथों के अलावा आसपास के हलवाइयों की मांग पर उन्हें दिया जाएगा। इसकी कीमत लगभग 260 रुपए किलो रखा गया है।

107 करोड़ रुपए के लोन में डूबा था डेयरी

चित्तौड़ का प्रतापगढ़ दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के एमडी सुरेश सेन ने बताया कि डेयरी लगातार लॉस में जा रही थी। मार्च महीने में चित्तौड़गढ़ डेयरी पर 107 करोड़ रुपए का लोन था। इसके लिए हर महीने 54 लाख रुपए का इंटरेस्ट दिया जा रहा था। पोस्टिंग के बाद पता चला कि कई चीजों में अनियमितताएं हैं। उन सब चीजों को ठीक किया गया। चंदेरिया में भी एक वेयरहाउस खोल रखा था जहां एक भी दिन सामान नहीं भेजा गया लेकिन प्रति महीना 90000 रुपए दिए जा रहे थे। उसे भी बंद किया गया। दुग्ध समितियां से मिलने वाले दूध की गुणवत्ता में भी सुधार लाया गया। दुग्ध संघ में एक्सपायर होने वाले घी और SMP पाउडर की भी बिक्री कर डेयरी की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया गया। उन्होंने कहा कि डेयरी के प्रोडक्ट्स की बिक्री बढ़ाने के लिए शुक्रवार से डेयरी ने बल्क पैकेट में फीका मावा लॉन्च किया है। इसके अलावा आधा किलो और एक किलो के पैकेट में मिलने वाले पेड़े को अब 200 ग्राम के पैकेट में भी बेचा जाएगा।

5000 किलो प्रतिदिन बनेगा मावा

एमडी सुरेश सेन ने बताया कि पहले भी फीका मावा छोटे स्तर पर बिक्री किया जा रहा था। मावे का आधा किलो, एक किलो और पांच किलो के पैकेट में बिक्री हो रही थी, लेकिन इसको बदल के अब एक किलो और 10 किलो के पैकेट में मावे की बिक्री शुरू कर दी है। लेकिन अगर किसी को इससे ज्यादा मावा चाहिए तो वो भी आर्डर के बाद मिल जाएगा। अब डेयरी में रोज लगभग 5000 किलो फीका मावा रोज तैयार किया जाएगा। इसमें लिए डेयरी ने मावा बनाने की नया आधुनिक प्लांट स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि तिरुपति मंदिर में जिस तरह के प्रसाद में मिलावट की बात सामने आई है, उसके बाद से लोगों का सरस पर विश्वास बढ़ गया है।

राष्ट्रीय सीनियर, जूनियर, सब जूनियर एवं मास्टर पुरुष एवं महिला बेंच प्रेस प्रतियोगिता के लिए टीम की घोषणा



24 न्यूज अपडेट

मडगांव ,गोवा के रविंद्र भवन में 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सीनियर, जूनियर, सब जूनियर एवं मास्टर पुरुष एवं महिला बेंच प्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम की आज घोषणा कर दी गई है । यह जानकारी देते हुए राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के आयोजन सचिव विनोद साहू ने बताया कि राज्य सीनियर टीम का नेतृत्व आशीष जैमन करेंगे , वहीं जूनियर टीम का नेतृत्व उदयपुर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौरव साहू करेंगे । राज्य सीनियर महिला टीम का नेतृत्व पायल चौहान एवं राज्य जूनियर महिला टीम का नेतृत्व सीमा कुंतल करेगी । राजस्थान टीम इस प्रकार है :- सीनियर पुरुष वर्ग :- आशीष जैमन (कप्तान) , क्षेत्रपाल सिंह , धर्मेंद्र सिंह , दिनेश कुमार , गोपेश कुमार गौड़ , योगेश कुमार सेन , हिमांशु मीणा , अजय सैनी , सूरज गहलोत , अमन कुमार , सुनील कुमार , संदीप सोनी , मयंक बोरा , योगेश यादव , देवेश । जूनियर पुरुष वर्ग टीम :- गौरव साहू (कप्तान) , किशनाराम , नितिन , महेंद्र चौधरी, योगेंद्र सोगरवाल, प्रिंस , नितिन फौजदार , लक्ष्यजीत , जितेंद्र शर्मा , सुनील नागोरा , कृष जोशी , सौरभ मल , मोहित टांक , विशाल प्रजापत , कृष्ण व्यास । सब जूनियर पुरुष वर्ग टीम : - व्योम जावा , प्रथम लालवानी , विजय कुमार, रुद्रदेव सिंह शेखावत, सुनील सुखवाल, कार्तिक बोयत , कानाराम नोडल , कुलदीप चौधरी , हेमंत सिंह, अभिषेक छंगाणी ,रवि कुमार , आयुष चौधरी , लोकेंद्र , विकास सिंह , सांकेत चतुर्वेदी । मास्टर पुरुष वर्ग : - विनोद कुमार गोटरवाल, टेकचंद गहलोत, किशन कुमार, प्रदीप सिंह झाला , हेमसिंह बाघेला , प्रकाश श्रीपत , वीरेंद्र कुमार शर्मा , अनिल गहलोत , परमानंद प्रजापत, महेश चंद्र महात्मा, ओम सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह पवार, सुनील गुजराती, दीपक कुमार शर्मा, सत्येंद्र सिंह राठौड़, राहिल अहमद शेख । सीनियर महिला वर्ग :- पायल चौहान (कप्तान), टीना गढ़वाल, रेशमा सचानी, माया कँवर, खुशबू सोलंकी, मोनिशा अग्रवाल, मनीषा प्रजापत, अवनी पंचोली ,पूजा गुजराती, सुशीला, अनु सोनी । जूनियर महिला वर्ग :- सीमा कुंतल (कप्तान) , प्रियांशी राजपूत , लीना देवतवल , श्वेता कंवर भाटी , पूजा जावा , स्नेहा गहलोत , मिताली श्रीमाली , चांदनी , ऐश्वर्या सोनी , रिंकू रावत , मोनिका कश्यप, तन्नू शुक्ला को टीम में शामिल किया गया है । सब जूनियर महिला वर्ग :- आकांक्षा कुमावत ,साक्षी सोनी ,आरती रावत, यशतिका आचार्य, शिवानी सिंह रावत, निकिता, तनुश्री, नैंसी जांगिड़, दिया कँवर शेखावत को शामिल किया गया है । मास्टर महिला वर्ग :- नीतू चौहान, अनिता राठी , रजनी , मनीषा मेहता, रेखा शर्मा, पायल नलवाया सरिता कुमारी सैनी को शामिल किया गया है । टीम मैनेजर विनोद साहू एवं टीम के कोच सुमित कुमार होंगे । टीम कल सुबह गोवा के लिए रवाना होगी । राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली ने बताया कि राष्ट्रीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता में उदयपुर के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक विनोद साहू को प्रतियोगिता का मुख्य निर्णायक एवं जूरी बनाया गया है । साहू पूर्व में भी कहीं अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक एवं के चीफ जूरी की भूमिका निभा चुके हैं। साहू कल सुबह गोवा के लिए रवाना होंगे ।

स्कूटी वितरण योजना अटकी:1600 से ज्यादा स्कूटी धूल फांक रही, नोडल अधिकारी बोली- क्यूआर कोड जारी होने पर बांटेंगे



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा.राजस्थान सरकार की ओर से साल 2021-22 में प्रतिभावान छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए कालीबाई भील स्कूटी वितरण और देवनारायण योजना के तहत स्कूटी देने की घोषणा की गई थी। इसके बावजूद पिछले एक साल से भी ज्यादा समय से जिले में करीब 1600 से ज्यादा स्कूटी धूल फांक रही हैं। योजना के तहत राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में 65 फीसदी और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में 75% से ऊपर अंक लाने वाली छात्राओं को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया था। आचार संहिता के बाद से रुका वितरण इस घोषणा के बाद बांसवाड़ा जिले में पिछले 3 साल से करीब 500 से अधिक छात्राओं को इसका लाभ दिया गया और उसके लिए स्कूटी का आवंटन कर दिया गया, लेकिन इस दौरान विधानसभा और लोकसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता और वित्त विभाग से इसके लिए क्यू आर कोड जारी नहीं होने से इससे लाभान्वित होने वाली छात्राओं को अभी तक स्कूटी का वितरण नहीं किया जा सका है।

बांसवाड़ा जिला मुख्यालय पर महाविद्यालय परिसर में सैंकड़ों स्कूटी खुले आसमान के नीचे करीब एक डेढ़ साल से खड़ी है। सरकार की ओर से अभी तक हरी झंडी नहीं मिलने से इसका वितरण नहीं किया जा सका है। क्यूआर कोड जारी होने पर बांटेंगे स्कूटी सरकार से स्वीकृति का इंतजार नोडल अधिकारी हरिदेव जोशी कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला पंड्या ने बताया- वित्त विभाग की ओर से अभी तक क्यूआर कोड जारी नहीं होने से इसका वितरण नहीं किया जा सकता है। जैसे ही सरकार की ओर से इसकी स्वीकृति प्राप्त हो जाएगी, संबंधित छात्राओं को इसका वितरण कर दिया जाएगा।

मामले में टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा- कुल 3000 स्कूटी थी, 1500 का वितरण कर दिया था। अब 1500 बची हैं। पिछली सरकार को बांट देना थी लेकिन नहीं बांटी। उसके बाद हमारी सरकार आई लेकिन चुनावों के कारण काम रुक गया, क्यूआर कोड जारी नहीं हो सके। हम इसी महीने बची हुई स्कूटी का वितरण कर देंगे।

सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम रविवार को



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर जिले के जयसमंद पंचायत क्षेत्र के अजबरा गांव के मुख्य चौराहे लगी सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण रविवार को होगा अनावरण कार्यक्रम में उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी ,गिर्वा के पूर्व उप प्रधान तखत शक्तावत, सरस डेयरी अध्यक्ष डालचंद डांगी देहात जिला के पूर्व महामंत्री नरेंद्र कुमार मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।